Series C4ABD/4

**SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **430/4/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **38** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गणित (बुनियादी)

# MATHEMATICS (BASIC)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*




Previous Pathshala

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **2** अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

*(ix)* *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

*(x)* *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।* *20×1=20*

**1.** बिन्दुओं (2, – 1) और (– 1, – 5) के बीच की दूरी है :

(A) 15 इकाई (B) 5 इकाई

(C) 25 इकाई (D) 41 इकाई

**2.** बिन्दुओं A(4, x) और B(– 2, 4) को मिलाने वाले रेखा खंड AB का मध्य-बिन्दु यदि C(1, –1) है, तो x का मान है :

(A) 5 (B) – 5

(C) 6 (D) – 6

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है ?

(A) $P(E) = 1 + P(\overline{E})$ (B) $P(\overline{E}) - P(E) = 1$

(C) $P(E) + P(\overline{E}) = 1$ (D) $P(E) = 2P(\overline{E})$



Previous Pathshala

## *General Instructions :*

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i) This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii) This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii) In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are Multiple Choice Questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv) In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are Very Short Answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v) In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi) In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are Long Answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

*(vii) In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks questions in each case study.*

*(viii) There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

*(ix) Draw neat diagrams wherever required. Take $\pi = \frac{22}{7}$ wherever required, if not stated.*

*(x) Use of calculator is **not** allowed.*

## SECTION A

*This section comprises Multiple Choice Questions (MCQs) of 1 mark each.* *20×1=20*

**1.** The distance between the points (2, – 1) and (– 1, – 5) is :

(A) 15 units (B) 5 units

(C) 25 units (D) 41 units

**2.** If C(1, –1) is the mid-point of the line segment AB joining points A(4, x) and B(– 2, 4), then value of x is :

(A) 5 (B) – 5

(C) 6 (D) – 6

**3.** Which of the following relationship is correct ?

(A) $P(E) = 1 + P(\overline{E})$ (B) $P(\overline{E}) - P(E) = 1$

(C) $P(E) + P(\overline{E}) = 1$ (D) $P(E) = 2P(\overline{E})$



Previous Pathshala

4. निम्नलिखित बंटन एक फैक्टरी के 50 श्रमिकों की दैनिक आय दर्शाता है :

| आय (₹ में) | 400 – 424 | 425 – 449 | 450 – 474 | 475 – 499 | 500 – 524 |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रमिकों की संख्या | 12 | 14 | 8 | 6 | 10 |

बहुलक वर्ग की निचली सीमा है :

(A) 425 (B) 449

(C) 424·5 (D) 425·5

5. 9 m ऊँचे बिजली के खंभे की ज़मीन पर $3\sqrt{3}$ m लम्बी छाया है । उस समय पर सूर्य का उन्नतांश है :

(A) 60° (B) 90°

(C) 45° (D) 30°

6. यदि द्विघात बहुपद $kx^2 + 4x + k$ का एक शून्यक 1 है, तो k का मान है :

(A) 2 (B) – 2

(C) 4 (D) – 4

7. द्विघात बहुपदों, जिनके शून्यक –1 और 3 हैं, की संख्या है :

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 3 से अधिक

8. द्विघात समीकरण $x^2 - 4 = 0$ का/के मूल है/हैं :

(A) केवल 2 (B) – 2, 2

(C) केवल 4 (D) – 4, 4

9. निम्नलिखित में से कौन-सा द्विघात समीकरण ***नहीं*** है ?

(A) $(x - 2)^2 + 1 = 2x - 3$

(B) $(2x - 1)(x - 3) = (x + 5)(x - 1)$

(C) $x(x + 1) + 8 = (x + 2)(x - 2)$

(D) $2x + \frac{3}{x} = 5$



Previous Pathshala

**4.** The following distribution gives the daily income of 50 workers of a factory :

| Income (in ₹) | 400 – 424 | 425 – 449 | 450 – 474 | 475 – 499 | 500 – 524 |
|---|---|---|---|---|---|
| Number of workers | 12 | 14 | 8 | 6 | 10 |

The lower limit of the modal class is :

(A) 425 (B) 449

(C) 424·5 (D) 425·5

**5.** A lamp post 9 m high casts a shadow $3\sqrt{3}$ m long on the ground. The Sun's elevation at this moment is :

(A) 60° (B) 90°

(C) 45° (D) 30°

**6.** If one zero of a quadratic polynomial $kx^2 + 4x + k$ is 1, then the value of k is :

(A) 2 (B) – 2

(C) 4 (D) – 4

**7.** The number of quadratic polynomials having zeroes –1 and 3 is :

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) more than 3

**8.** The roots of the quadratic equation $x^2 - 4 = 0$ is/are :

(A) 2 only (B) – 2, 2

(C) 4 only (D) – 4, 4

**9.** Which of the following is ***not*** a quadratic equation ?

(A) $(x - 2)^2 + 1 = 2x - 3$

(B) $(2x - 1)(x - 3) = (x + 5)(x - 1)$

(C) $x(x + 1) + 8 = (x + 2)(x - 2)$

(D) $2x + \frac{3}{x} = 5$



Previous Pathshala

**10.** समांतर श्रेढ़ी का सार्व अंतर, यदि $a_{23} - a_{19} = 32$ है, है :

(A) 8 (B) – 8

(C) – 4 (D) 4

**11.** $\left(\frac{1}{\tan^2 \theta} - \frac{1}{\sin^2 \theta}\right)$ बराबर है :

(A) 1 (B) – 1

(C) $\sec^2 \theta$ (D) $\sin^2 \theta$

**12.** वृत्त की एक जीवा और दो चापों में से किसी एक के बीच का प्रत्येक क्षेत्र कहलाता है :

(A) एक चाप (B) एक त्रिज्यखंड


(C) एक वृत्तखंड (D) एक अर्धवृत्त

**13.** यदि $1080 = 2^x \times 3^y \times 5$ है, तो $(x - y)$ बराबर है :

(A) 6 (B) – 1

(C) 1 (D) 0

**14.** दी गई आकृति में, केन्द्र O वाले एक वृत्त पर बाह्य बिन्दु P से एक स्पर्श-रेखा PA बनी है । यदि $\angle AOP = 70°$ है, तो $\angle APO$ का माप है :




(A) 70° (B) 90°

(C) 110° (D) 20°



Previous Pathshala

**10.** The common difference of an A.P., if $a_{23} - a_{19} = 32$, is :

(A) 8 (B) – 8

(C) – 4 (D) 4

**11.** $\left(\frac{1}{\tan^2 \theta} - \frac{1}{\sin^2 \theta}\right)$ is equal to :

(A) 1 (B) – 1

(C) $\sec^2 \theta$ (D) $\sin^2 \theta$

**12.** The region between a chord and either of the two arcs of a circle is called :

(A) an arc (B) a sector


(C) a segment (D) a semicircle

**13.** If $1080 = 2^x \times 3^y \times 5$, then $(x - y)$ is equal to :

(A) 6 (B) – 1

(C) 1 (D) 0

**14.** In the given figure, PA is a tangent from an external point P to a circle with centre O. If $\angle AOP = 70°$, then the measure of $\angle APO$ is :




(A) 70° (B) 90°

(C) 110° (D) 20°



Previous Pathshala

**15.** निम्नलिखित बारंबारता बंटन का माध्यक वर्ग है :

| वर्ग | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 8 | 20 | 15 | 7 | 5 |

(A) 10 – 20 (B) 20 – 30

(C) 30 – 40 (D) 40 – 50

**16.** 21 cm त्रिज्या के एक वृत्त में, यदि एक चाप वृत्त के केन्द्र पर 60° का कोण अंतरित करता है, तो इस चाप की लंबाई है :

(A) 11 cm (B) 44 cm


(C) $\frac{22}{7}$ cm (D) 22 cm

**17.** किसी वृत्त की स्पर्श-रेखा वह रेखा होती है जो वृत्त को स्पर्श करती है :

(A) केवल एक ही बिन्दु पर (B) दो बिन्दुओं पर

(C) तीन बिन्दुओं पर (D) अनंत बिन्दुओं पर

**18.** दी गई आकृति में, यदि $\Delta ABC \sim \Delta QPR$ है, तो x का मान है :




(A) 5·3 cm (B) 4·6 cm

(C) 2·3 cm (D) 4 cm



Previous Pathshala

**15.** The median group in the following frequency distribution is :

| Class | 0 – 10 | 10 – 20 | 20 – 30 | 30 – 40 | 40 – 50 | 50 – 60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 5 | 8 | 20 | 15 | 7 | 5 |

(A) 10 – 20 (B) 20 – 30

(C) 30 – 40 (D) 40 – 50

**16.** In a circle of radius 21 cm, if an arc subtends an angle of 60° at the centre of the circle, then the length of the arc is :

(A) 11 cm (B) 44 cm


(C) $\frac{22}{7}$ cm (D) 22 cm

**17.** A tangent to a circle is a line that touches the circle at :

(A) one point only (B) two points

(C) three points (D) infinite number of points

**18.** In the given figure, if $\Delta ABC \sim \Delta QPR$, then the value of x is :




(A) 5·3 cm (B) 4·6 cm

(C) 2·3 cm (D) 4 cm



Previous Pathshala

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

**19.** *अभिकथन (A) :* रैखिक समीकरण युग्म $5x + 2y + 6 = 0$ और $7x + 6y + 18 = 0$ के अपरिमित रूप से अनेक हल हैं ।

*तर्क (R) :* रैखिक समीकरण युग्म $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ और $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ के अपरिमित रूप से अनेक हल होंगे, यदि $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$ है ।

**20.** *अभिकथन (A) :* एक पासा फेंकने पर, संख्या 8 प्राप्त होने की प्रायिकता शून्य (0) है ।

*तर्क (R) :* एक असंभव घटना की प्रायिकता शून्य (0) होती है ।


## खण्ड ख

*इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं ।* *5×2=10*

**21.** HCF (306, 1314) = 18 दिया गया है, तो LCM (306, 1314) ज्ञात कीजिए ।

**22.** किसी वृत्त के व्यास AB के सिरों पर दो स्पर्श-रेखाएँ XY और PQ खींची गई हैं । सिद्ध कीजिए कि XY || PQ है ।

**23.** (a) दी गई आकृति में, PQ || RS है । सिद्ध कीजिए कि OP × OR = OQ × OS.




**अथवा**




Previous Pathshala

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* The pair of linear equations $5x + 2y + 6 = 0$ and $7x + 6y + 18 = 0$ have infinitely many solutions.

*Reason (R) :* The pair of linear equations $a_1x + b_1y + c_1 = 0$ and $a_2x + b_2y + c_2 = 0$ have infinitely many solutions, if $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$.

**20.** *Assertion (A) :* The probability of getting number 8 on rolling a die is zero (0).

*Reason (R) :* The probability of an impossible event is zero (0).


## SECTION B

*This section comprises Very Short Answer (VSA) type questions of 2 marks each.* *5×2=10*

**21.** Given that HCF (306, 1314) = 18, find LCM of (306, 1314).

**22.** XY and PQ are two tangents drawn at the end points of the diameter AB of a circle. Prove that XY || PQ.

**23.** (a) In the given figure, PQ || RS. Prove that OP × OR = OQ × OS.





**OR**




Previous Pathshala

(b) दी गई आकृति में, LM || CB और LN || CD है । सिद्ध कीजिए कि $\frac{AM}{AN} = \frac{AB}{AD}$.




**24.** (a) यदि बहुपद $8x^2 + 14x + 3$ के शून्यक α, β हैं, तो $\left(\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) एक द्विघात बहुपद ज्ञात कीजिए जिसके शून्यक – 9 और 6 हैं ।

**25.** मान ज्ञात कीजिए :

$$\sin 30° \cos 60° + \cos 30° \sin 60° - \cot 45°$$

## खण्ड ग

*इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं ।* *6×3=18*

**26.** 10 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा वृत्त के केन्द्र पर एक समकोण अंतरित करती है । संगत (i) लघु त्रिज्यखंड (ii) दीर्घ त्रिज्यखंड के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए । ($\pi = 3{\cdot}14$ का प्रयोग कीजिए)


**27.** (a) सिद्ध कीजिए कि वृत्त के परिगत बने चतुर्भुज के आमने-सामने की भुजाएँ वृत्त के केन्द्र पर संपूरक कोण अंतरित करती हैं ।

**अथवा**



Previous Pathshala

(b) In the given figure, LM || CB and LN || CD. Prove that $\frac{AM}{AN} = \frac{AB}{AD}$.




**24.** (a) If α, β are zeroes of the polynomial $8x^2 + 14x + 3$, then find the value of $\left(\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}\right)$.

**OR**

(b) Find a quadratic polynomial whose zeroes are $-9$ and 6.

**25.** Evaluate :

$$\sin 30° \cos 60° + \cos 30° \sin 60° - \cot 45°$$

## SECTION C

*This section comprises Short Answer (SA) type questions of 3 marks each.* *6×3=18*

**26.** A chord of a circle of radius 10 cm subtends a right angle at the centre of the circle. Find the area of the corresponding (i) minor sector (ii) major sector. (Use π = 3·14)


**27.** (a) Prove that opposite sides of a quadrilateral circumscribing a circle subtends supplementary angles at the centre of the circle.

**OR**



Previous Pathshala

(b) यदि एक वृत्त का केन्द्र O, जीवा PQ और P पर खींची गई स्पर्श-रेखा PR, जीवा PQ से 40° का कोण बनाती हो, तो $\angle POQ$ का माप ज्ञात कीजिए ।




**28.** (a) द्विघाती सूत्र का प्रयोग करके, समीकरण $2x^2 + 2x + 9 = 0$ के वास्तविक मूल, यदि उनका अस्तित्व है, ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) 'k' के वे मान ज्ञात कीजिए जिनके लिए द्विघात समीकरण $kx^2 - 2kx + 6 = 0$ के वास्तविक और समान मूल हैं । यह मूल भी ज्ञात कीजिए ।

**29.** ताश के 52 पत्तों की अच्छी तरह से फेंटी गई एक गड्डी से एक पत्ता यादृच्छया निकाला जाता है । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि निकाला गया पत्ता :

(i) लाल रंग का बादशाह है ।

(ii) काले रंग का पत्ता नहीं है ।

(iii) पान का इक्का है ।

**30.** सिद्ध कीजिए कि $2 + 5\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है, यदि दिया गया है कि $\sqrt{3}$ एक अपरिमेय संख्या है ।


**31.** सिद्ध कीजिए कि :

$$(\tan A + \sec A)^2 + (\tan A - \sec A)^2 = 2\left(\frac{1 + \sin^2 A}{1 - \sin^2 A}\right)$$



Previous Pathshala

(b) If O is the centre of a circle, PQ is a chord and the tangent PR at P makes an angle of 40° with PQ, then find the measure of $\angle$ POQ.




**28.** (a) Using quadratic formula, find the real roots of the equation $2x^2 + 2x + 9 = 0$, if they exist.

**OR**

(b) Find the values of 'k' for which the quadratic equation $kx^2 - 2kx + 6 = 0$ has real and equal roots. Also, find the roots.

**29.** One card is drawn at random from a well-shuffled deck of 52 playing cards. Find the probability that the card drawn is :

(i) a red king.

(ii) not a black card.

(iii) an ace of hearts.

**30.** Prove that $2 + 5\sqrt{3}$ is an irrational number, if it is given that $\sqrt{3}$ is an irrational number.

**31.** Prove that :

$$(\tan A + \sec A)^2 + (\tan A - \sec A)^2 = 2\left(\frac{1 + \sin^2 A}{1 - \sin^2 A}\right)$$



Previous Pathshala

## खण्ड घ

*इस खण्ड में दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं ।* *4×5=20*

**32.** (a) दो घनों, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 125 $cm^3$ है, के संलग्न फलकों को मिलाकर रखा जाता है । प्राप्त घनाभ का आयतन और पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(b) एक ठोस एक अर्धगोले पर अध्यारोपित एक शंकु के आकार का है जिसमें दोनों के व्यास 7 cm के बराबर हैं और शंकु की ऊँचाई उसकी त्रिज्या के बराबर है । ठोस का आयतन ज्ञात कीजिए ।

**33.** एक ठेकेदार बच्चों को खेलने के लिए एक पार्क में दो फिसलन पट्टी लगाना चाहता है । 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए, वह एक ऐसी फिसलन पट्टी लगाना चाहता है जिसका शिखर 2·0 m की ऊँचाई पर हो और भूमि के साथ 30° के कोण पर झुकी हुई है, जबकि इससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए, वह 4·0 m की ऊँचाई पर अधिक ढाल की फिसलन पट्टी लगाना चाहता है जो भूमि के साथ 60° के कोण पर झुकी हुई हो । प्रत्येक स्थिति में फिसलन पट्टी की लंबाई क्या होगी ?

**34.** (a) यदि BD और QM क्रमश: त्रिभुज ABC और PQR की माध्यिकाएँ हैं, जहाँ $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{AB}{PQ} = \frac{BD}{QM}$.

**अथवा**

(b) CD और GH क्रमश: $\angle ACB$ और $\angle EGF$ के ऐसे समद्विभाजक हैं कि बिन्दु D और H क्रमश: $\Delta ABC$ और $\Delta FEG$ की भुजाओं AB तथा FE पर स्थित हैं । यदि $\Delta ABC \sim \Delta FEG$ है, तो दर्शाइए कि :

(i) $\frac{CD}{GH} = \frac{AC}{FG}$

(ii) $\Delta DCB \sim \Delta HGE$

**35.** टी.वी. सेटों का एक निर्माता चौथे वर्ष में 720 टी.वी. सेट तथा आठवें वर्ष में 880 टी.वी. सेट का उत्पादन करता है । यह मानते हुए कि प्रत्येक वर्ष उत्पादन में एकसमान रूप से एक निश्चित संख्या में वृद्धि होती है, तो दसवें वर्ष का उत्पादन और पहले सात वर्षों का कुल उत्पादन ज्ञात कीजिए ।


Previous Pathshala

## SECTION D

*This section comprises Long Answer (LA) type questions of 5 marks each.* *4×5=20*

**32.** (a) Two cubes each of volume 125 $cm^3$ are joined end to end. Find the volume and the surface area of the resulting cuboid.

**OR**

(b) A solid is in the shape of a cone surmounted on a hemisphere with both their diameters being equal to 7 cm and the height of the cone is equal to its radius. Find the volume of the solid.

**33.** A contractor plans to install two slides for the children to play in a park. For the children below the age of 6 years, he prefers to have a slide whose top is at a height of 2·0 m and is inclined at an angle of 30° to the ground, whereas for older children, he wants to have a steep slide at a height of 4·0 m and inclined at an angle of 60° to the ground. What would be the length of the slide in each case ?

**34.** (a) If BD and QM are medians of triangles ABC and PQR, respectively, where $\Delta ABC \sim \Delta PQR$, prove that $\frac{AB}{PQ} = \frac{BD}{QM}$.

**OR**

(b) CD and GH are respectively the bisectors of $\angle ACB$ and $\angle EGF$ such that D and H lie on sides AB and FE of $\Delta ABC$ and $\Delta FEG$ respectively. If $\Delta ABC \sim \Delta FEG$, show that :

(i) $\frac{CD}{GH} = \frac{AC}{FG}$

(ii) $\Delta DCB \sim \Delta HGE$

**35.** A manufacturer of TV sets produced 720 TV sets in the fourth year and 880 TV sets in the eighth year. Assuming that the production increases uniformly by a fixed number every year, find the production in the tenth year and the total production in the first seven years.



Previous Pathshala

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।* *3×4=12*

**प्रकरण अध्ययन – 1**

**36.** म्यूचुअल फंड : म्यूचुअल फंड एक प्रकार का निवेश माध्यम है जो स्टॉक, बॉन्ड या अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए कई निवेशकों से पैसा एकत्र करता है । म्यूचुअल फंड पेशेवर मनी मैनेजर द्वारा संचालित होते हैं, जो फंड की परिसंपत्ति आबंटित करते हैं और फंड के निवेशकों के लिए पूँजीगत लाभ या आय उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं ।




शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (NAV) किसी फंड के प्रति शेयर बाज़ार मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है । यह वह कीमत है जिस पर निवेशक किसी फंड कंपनी से फंड शेयर खरीदते हैं और उन्हें किसी फंड कंपनी को बेचते हैं ।

निम्नलिखित तालिका ICICI म्यूचुअल फंडों के म्यूचुअल फंड की प्रति यूनिट शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (NAV) को दर्शाती है :

| NAV (₹ में ) | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| म्यूचुअल फंडों की संख्या | 13 | 16 | 22 | 18 | 11 |

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) आँकड़ों के बहुलक वर्ग की ऊपरी सीमा क्या है ? *1*

(ii) आँकड़ों का माध्यक वर्ग क्या है ? *1*



Previous Pathshala

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.* *3×4=12*

### Case Study – 1

**36.** Mutual Fund : A mutual fund is a type of investment vehicle that pools money from multiple investors to invest in securities like stocks, bonds or other securities. Mutual funds are operated by professional money managers, who allocate the fund's assets and attempt to produce capital gains or income for the fund's investors.




Net Asset Value (NAV) represents a fund's per share market value. It is the price at which the investors buy fund shares from a fund company and sell them to a fund company.

The following table shows the Net Asset Value (NAV) per unit of mutual fund of ICICI mutual funds :

| NAV (in ₹) | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| Number of mutual funds | 13 | 16 | 22 | 18 | 11 |

Based on the above information, answer the following questions :

(i) What is the upper limit of modal class of the data ? *1*

(ii) What is the median class of the data ? *1*



Previous Pathshala


(iii) (a) म्यूचुअल फंडों का बहुलक NAV क्या है ? 2

**अथवा**

(b) म्यूचुअल फंडों का माध्यक NAV क्या है ? 2

**प्रकरण अध्ययन – 2**

**37.** दिल्ली में गुलमोहर सोसाइटी के आवासीय कल्याण संघ (RWA) ने सोसाइटी के कॉमन पार्क में तीन बिजली के खंभे A, B और C लगाए हैं । इन तीन खंभों के बावजूद, पार्क के कुछ हिस्से अब भी अँधेरे में हैं । इसलिए, RWA ने पार्क में एक और बिजली का खंभा D लगाने का फैसला किया । पार्क को नीचे दी गई निर्देशांक प्रणाली के रूप में तैयार किया जा सकता है ।




(iii) (a) What is the mode NAV of mutual funds ? *2*

**OR**

(b) What is the median NAV of mutual funds ? *2*

### Case Study – 2

**37.** Resident Welfare Association (RWA) of Gulmohar Society in Delhi, have installed three electric poles A, B and C in the society's common park. Despite these three poles, some parts of the park are still in the dark. So, RWA decides to have one more electric pole D in the park. The park can be modelled as a coordinate system given below.






Previous Pathshala

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) खंभे C का स्थान क्या है ? *1*

(ii) पार्क के कोने O से खंभे B की दूरी कितनी है ? *1*

(iii) (a) चौथे खंभे D का स्थान ज्ञात कीजिए जिससे चार बिन्दु A, B, C और D एक समांतर चतुर्भुज ABCD बनाएँ । *2*

**अथवा**

(b) खंभे A और C के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए । *2*

**प्रकरण अध्ययन – 3**

**38.** दिपांकर ने स्कूल की पुस्तक की दुकान से 3 नोटबुक और 2 पेन ₹ 80 में खरीदे और उसके मित्र सूर्यांश ने 4 नोटबुक और 3 पेन ₹ 110 में खरीदे ।



उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यदि एक नोटबुक का मूल्य ₹ x और एक पेन का मूल्य ₹ y है, तो दी गई स्थिति को बीजगणितीय रूप में लिखिए । *1*

(ii) (a) एक नोटबुक का मूल्य क्या है ? *2*

**अथवा**

(b) एक पेन का मूल्य क्या है ? *2*

(iii) सूर्यांश यदि 6 नोटबुक और 3 पेन खरीदता है, तो उसे कुल कितनी राशि खर्च करनी पड़ेगी ? *1*



Previous Pathshala

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) What is the position of the pole C ? *1*

(ii) What is the distance of the pole B from the corner O of the park ? *1*

(iii) (a) Find the position of the fourth pole D so that the four points A, B, C and D form a parallelogram ABCD. *2*

**OR**

(b) Find the distance between poles A and C. *2*

## Case Study – 3

**38.** Deepankar bought 3 notebooks and 2 pens for ₹ 80 and his friend Suryansh bought 4 notebooks and 3 pens for ₹ 110 from the school bookshop.



Based on the above information, answer the following questions.

(i) If the price of one notebook be ₹ x and the price of one pen be ₹ y, write the given situation algebraically. *1*

(ii) (a) What is the price of one notebook ? *2*

**OR**

(b) What is the price of one pen ? *2*

(iii) What is the total amount to be paid by Suryansh, if he purchases 6 notebooks and 3 pens ? *1*



Previous Pathshala